तेल का मंडराता हुआ संकट

2971. **श्री रणजीत सिंह :**

डा. जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 19 अक्तूबर, 1991 के दैनिक स्टेटसमैन में "लूमिंग आयल क्राइसिस" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) क्या यह सच है कि एक अनुमान के अनुसार देश में 1995–96 में लगभग 20 मिलियन मीटर टन पेट्रोलियम उत्पादों के आयात किये जाने की संभावना है ;

(ग) इस संबंध में अनुमान क्या हैं और सरकार आयात को कम करने की दृष्टि से देश में प्रस्तावित तेल-शोधक कारखानों की स्थापना की गति को तेज करने के लिये क्या कदम उठाने का विचार रखती है ; और

(घ) प्रस्तावित परियोजनाओं को कब तक पूरा कर लिये जाने की संभावना है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री एस. कृष्ण कुमार) : (क) जी, हां।

(ख) से (घ) वर्ष 1995–96 के दौरान होने वाली मांग और देशी उपलब्धता के आधार पर उस वर्ष के पेट्रोलियम उत्पादों का आयात निर्भर करेगा । शोधन की देशी क्षमता में वृद्धि करने के लिये कुछ वर्तमान रिफाइनरियों के विस्तार/उनके गतिरोध को दूर करने और नई रिफाइनरियां स्थापित करने के संबंध में अनुमोदन देने/कार्यान्वयन संबंधी कार्रवाई में तेजी लाने के लिये कदम उठाये जा रहे हैं।

गंगा घाटी में कच्चे तेल का रिसाव

2972. **डा. जिनेन्द्र कुमार जैन :**

श्री रणजीत सिंह :

क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 9 नवम्बर, 1991 के इंडियन एक्सप्रेस में "आयल लोकेट्स क्रूड सीवेज इन गंगा वैली" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में कोई जांच की है ;

(ग) गंगा घाटी में किन-किन स्थानों पर तेल होने की संभावना है; और

(घ) क्या सरकार ने तेल की खोज का काम किसी उपक्रम को सौंपा है और यदि हां, तो उस उपक्रम का नाम क्या है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री एस. कृष्ण कुमार) : (क) और (ख) सरकार का ध्यान उक्त समाचार की ओर आकृष्ट किया गया है। आयल इंडिया लिमिटेड की जांच से पता चला है कि क्रूड का रिसना जारी है।

(ग) और (घ) आयल इंडिया लिमिटेड पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बिहार में और तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग इन दोनों राज्यों के अन्य